# कंप्यूटर की आधुनिकम तकनीक पर हुआ मंथन

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय शार्ट टर्म कोर्स का बुधवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। 'एडवांसेज इन कंप्यूटिंग टेक्नालाजी' विषय पर आयोजित कोर्स में कंप्यूटर की आधुनिक तकनीक पर सप्ताह भर मंथन हुआ। इस दौरान देश भर से आए हुए कंप्यूटर विषय विशेषज्ञों ने अपने शोध कार्य को साझा किया।

बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने आयोजकों को बधाई दी और कोर्स से अर्जित ज्ञान को सामाजिक व तकनीकी समस्याओं के निराकरण में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। सात दिन तक चले कोर्स के दौरान एचबीटीयू कानपुर के प्रो.नरेंद्र कोहली ने टेलीमेडिसिन एवं ग्रीन कंप्यूटिंग, हरियाणा के इंजीनियर निहाल श्रीवास्तव ने अक्का एक्टर सिस्टम द्वारा वास्तविक जीवन में आने वाली चुनौतियों के समाधान, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के नवनीत कुमार सिंह ने न्यूरल नेटवर्क, आइआइटी इंदौर के डा. एसके श्रीवास्तव ने आइओटी चिप्स की डिजाइन पर प्रकाश डाला।

इसके अलावा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डा. आशीष खरे ने मूविंग आब्जेक्ट सिग्मेंटेशन और एमएमएनएनआइटी इलाहाबाद के प्रो.एमएम गौर ने वायरलेस सेंसर नेटवर्क के विषय में जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो.राकेश कुमार और कोर्स समन्वयक डा.यूसी जायसवाल, सह समन्वयक नागेंद्र प्रताप सिंह, सुशील कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।